अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 06. MIDDLE

क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का शुभारंभ शुक्रवार को दोपहर एक बजे भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर होगा। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने बताया कि प्रतियोगिता में आईके कलेक्शन बरेली, एसएनएस बुलंदशहर, जीएसटी आरसीसी इलेवन बरेली, एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बरेली, बजाज टेक्सटाइल अमरोहा, 22 याइर्स पीलीभीत, मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन, मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन दिल्ली, एसआरएमएस किंग्स बरेली, आईके नेक्स्ट जनरेशन बरेली, तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ और जीका इलाहाबाद की टीमें शामिल होंगी। विजेता टीम को दो लाख रुपये और उपविजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। संवाद